सत्यमेव जयते

# षोडश

# बिहार विधान सभा

## द्वादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 24 माघ, 1940 (श0) / 13 फरवरी, 2019 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 209**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 90 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 26 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 14 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 49 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 18 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |

कुल योग -- 209

सड़क का निर्माण

*136. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड के ब्रह्मपुर ग्राम में एन0एच0 57 पर स्थित मध्य विद्यालय, ब्रह्मपुर से ब्रह्मपुर ग्राम होते हुए बद्री साह के घर तक जानेवाली सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति कराना

*137. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार पंचायत राज अधिनियम 1993 राज्य में 23 अगस्त, 1993 से प्रवृत्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि पंचायत राज निदेशालय के पत्रांक 3188, दिनांक 27 जून, 1994 द्वारा दलपतियों के पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई करने हेतु सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया तथा उनके द्वारा 1580 दलपतियों की नियुक्ति भी की गई;

(3) क्या यह बात सही है कि पुन: पंचायत राज निदेशालय के पत्रांक 164, दिनांक 9 फरवरी, 1998 द्वारा अधिनियम प्रवृत होने के कारण उक्त नियुक्ति को अवैध मानते हुए नियुक्ति रद्द कर दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार के पत्रांक 3188, दिनांक 27 जून, 1994 द्वारा नियुक्त दलपतियों को अकारण अवैध मानने का क्या औचित्य है एवं सरकार कबतक उनका वेतन/ भत्ता भुगतान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*138. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत देसरी प्रखंड के अन्धरावड़ के निकट साढ़े चार करोड़ की लागत से सेन्ट्रल ऑफ एक्सलेन्स फोर फ्रूट का भवन छ: माह पूर्व से बन रहा है जिसका निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त निर्माणाधीन भवन की जाँच कराकर दोषी संवेदक तथा पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए प्राक्कलन के अनुरूप भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*139. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ नगर क्षेत्र में तिवारी कोल्ड स्टोर से जी0 पोद्दार रोड होते हुए एन0एच0 31 बाइपास तक कच्ची सड़क रहने के कारण छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को इस रास्ते पैदल चलने में भी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर नाला सहित पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की गुणवत्ता की जाँच

*140. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत खिजरसराय प्रखंड में वलवा पर से नई बाजार हथियामाँ सड़क तथा मुसेपुर पुल से सामुदायिक भवन होते हुए मुसेपुर हरिजन टोला तक पथ का निर्माण वित्तीय वर्ष 2017-18 से मुख्यमंत्री टोला संपर्क योजना के तहत् किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथों के निर्माण के प्राक्कलन के विरुद्ध निम्नस्तर के मिट्टी और मोरम का प्रयोग किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माणाधीन पथ की गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नलकूपों को चालू कराना

*141. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर एवं बछवाड़ा प्रखंडों के नलकूप मरम्मती एवं अन्य आवश्यक उपकरणों के अभाव में बंद है;

(2) क्या यह बात सही है कि नलकूपों के अभाव में किसानों को कृषि रोड मैप के बनने के बावजूद कृषि कार्य में काफी रूकावटे पैदा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आवश्यक संसाधनों को मुहैया करते हुए उक्त नलकूपों को चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

नियुक्ति करना

*142. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में नियोजन एवं प्रशिक्षण निदेशालय के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सृजित एवं रिक्त अंग्रेजी अनुदेशक के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विज्ञापन के आलोक में अभ्यर्थियों से एक हजार रुपये परीक्षा शुल्क लिये गये थे तथा परीक्षा संचालित करते हुए 225 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया एवं साक्षात्कार-सह-परामर्श परीक्षा का आयोजन भी किया गया था, किन्तु उनकी नियुक्ति आजतक नहीं हो पाई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साक्षात्कार-सह-परामर्श के आधार पर सफल आई0टी0आई0 अंग्रेजी अनुदेशक अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल एवं स्लूईस गेट का निर्माण

*143. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के रक्सौल घोड़ासाहन कैनाल के तियर नदी पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण वर्ष 1974 में हुआ था, जो छौड़ादानों एवं बनकटवा प्रखंड को जोड़ता है एवं जर्जर होकर मरम्मती के लायक भी नहीं रह गया है, साथ ही रक्सौल घोड़ासाहन कैनाल जो नहर के दोनों तरफ जोड़ता है, उसमें स्लूईस गेट नहीं रहने के कारण पानी नहर में नहीं पहुँच पाता है, जिससे हजारों एकड़ में लगी फसल के अभाव में प्रत्येक वर्ष बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक छौड़ादानों में जर्जर पुल में आर0 सी0 सी0 पुल के स्थान पर नया आर0सी0सी0 पुल एवं स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला निर्माण कराना

*144. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला से आनेवाली मुख्य नहर जिला सीवान के प्रखंड लकड्डी नवीगंज होते हुये सोनपुर नदी में मिलती है तथा मदारपुर से निकलने वाली नहर भगवानपुर हाट प्रखंड से होते हुये सोनपुर नदी में मिलती है, इन दोनों नहरों में सिंचाई हेतु नाला नहीं होने के चलते नहर में पानी उपलब्ध होने के बाद भी धान, गेहूँ आदि फसल की सिंचाई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों नहर में सिंचाई के लिये नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*145. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक 2/मु०अ०-2-2/2012/1313, दिनांक 29 मई, 2014 द्वारा अधीक्षण अभियंता, गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा अंचल, पटना व कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, खगौल को अरवल जिलान्तर्गत बड़ी नहर लाक से इंजोर होते हुये बेलखारा ग्राम के पास पईन एवं आहर होते हुये नहर निकासी के लिये प्राक्कलन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुयी है, यदि हाँ, तो सरकार इस संबंध में कबतक अग्रेतर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मचारियों का स्थानान्तरण

*146. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में लगभग 20 वर्षों से पंचायती राज विभाग के अधीन जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर कर्मचारियों का स्थानान्तरण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण, मजदुर, किसानों का विकास एवं मदद करना है लेकिन लम्बी अवधि से एक ही कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी मनमाने ढंग से कार्य करते है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की प्रगति शिथिल हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायती राज विभाग में जिला एवं प्रखण्ड स्तर के कर्मचारियों का स्थानान्तरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रोजगार उपलब्ध करना

*147. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की आबादी का कुल 21 प्रतिशत श्रमिक आबादी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में रोजगार के संसाधन उपलब्ध नहीं रहने के कारण श्रमिकों को राज्य से बाहर पलायन के लिये विवश होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य में रोजगार उपलब्ध कराकर श्रमिकों के पलायन को रोकने हेतु कौन-सी कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*148. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया प्रखंड के रामपुर, मोहनपुर पूर्वी पंचायत के रंगदाहा गाँव में पुल का निर्माणा ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, अररिया द्वारा कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माणाधीन काल में ही संबंधित संवेदक का देहान्त दो वर्ष पूर्व में हो जाने से कार्य अधूरा पड़ा है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पुल निर्माण का कार्य कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वीकृति देना

*149. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा के बटाने मुख्य नहर एवं इसकी वितरणीयों तथा बतरे नदी की वितरणीयों के जीर्णोद्धार कार्य हेतु मुख्य अभियंता औरंगाबाद के पत्रांक 1455, दिनांक 16 अगस्त, 2018 द्वारा विभाग को डी०पी०आर० उपलब्ध करा देने के बाद भी अबतक उसकी स्वीकृति नहीं दी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डी०पी०आर० की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*150. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सुरसंड प्रखंड अन्तर्गत बीसपट्टी से हनुमान नगर पाण्डेय टोल तक 2 कि०मी० कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कच्ची सड़क के कारण वर्षात के दिनों में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप गंभीर बीमारी या प्रसव से पीड़ित परिवारों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*151. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के हसनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विथान प्रखंड स्थित लरझा घाट पुल से झंझड़ा सोहरवा घाट होते हुये दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान पश्चिमी प्रखंड स्थित सतीघाट मुख्य मार्ग तक सड़क विगत 15 वर्षों से अति जर्जर है, जिसके कारण सीमावर्ती जिला के लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*152. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड में दहियार-परसा-घिवाही पथ दहियार, परसा, घिवाही इत्यादि दस ग्रामों की आबादी का यातायात के लिये जोड़ते हुये, श्रेणी-1 की अर्हता रखने वाली तथा आगे रोसड़ा-बहेड़ी आर०सी०सी० पथ में मिलकर प्रखंड, अनुमंडल तथा जिला मुख्यालय से मिलने वाली अत्यन्त महत्वपूर्ण सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2017 के दिसम्बर, माह में टेण्डर उपरान्त, वर्ष 2018 के मार्च के वर्क ऑर्डर दिये जाने तथा वर्ष 2018 के अप्रील माह में एग्रिमेन्ट कर योजना के कार्यान्वयन हेतु सहमति के बावजूद अबतक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दहियार, परसा, घिवाही पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुये निर्माण में हुये विलम्ब के लिये जिम्मेवार अभियन्तागण पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

भुगतान कराना

*153. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ग्राम-कचहरी के सरपंचों एवं पंचों का मार्च, 2018 से भत्ता बकाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उनके बकाये भत्ता का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, क्यों ?

--------

नाम जोड़ना

*154. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड के अकीदतपुर पंचायत के छोटी अटगामा के वार्ड सं०-7 के एक सौ परिवारों का नाम वित्तीय वर्ष 2011 में हुये सामाजिक, आर्थिक, जनगणना की सूची में अंकित नहीं है, जिससे उक्त परिवार खाद्य सुरक्षा सहित अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार वंचित परिवारों का नाम कबतक उक्त सूची में जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि उपलब्ध कराना

*155. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के नगमा-ओरईना आहर पईन एवं टनकुप्पा प्रखंड के बरसौना वीयर पईन का जीर्णोद्धार हेतु विभाग द्वारा विगत 6 माह पूर्व सहमति देने के बाद आजतक राशि के अभाव में उक्त आहर पईन एवं वीयर पईन का जीर्णोद्धार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक राशि का आवंटन कर उक्त आहर पईन एवं वीयर पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*156. श्री कुमार सर्वजीत--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बोधगया विधान सभा क्षेत्र के गया-रजौली रोड (एस०एच०-70) मे पथरा मोड से ददौर मोड़ तक की सड़क विगत दस वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पूर्ण निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*157. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखंड में अन्दाया एवं निथुनी के बीच सोती नदी पर पुल-सह-संपर्क पथ तथा ओझौल पंचायत के बलुआही में अधवारा समूह के नदी पर पुल-सह-संपर्क पथ दो वर्ष पूर्व बना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि है संपर्क पथ निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं कराया गया है, जिससे आवागमन में आमलोगों को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पुल एवं संपर्क पथ के निर्माण कार्यों की जाँच कराकर दोषी पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोल्डर पीचिंग करना

*158. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमान नगर प्रखंड के मोहम्मदपुर सिनुआरा गाँव के द्वारिकापुरी टोला जो अधवारा समूह नदी के किनारे अवस्थित है, भू-माफियाओं द्वारा नदी किनारे की मिट्टी का अवैध खनन किये जाने के कारण द्वारिकापुरी टोला का अस्तित्व संकट में पड़ गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अवैध मिट्टी पर रोक लगाते हुये बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटावरोधक कार्य कराना

*159. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड के मुनकी-मुशहारा पंचायत में रेतुआ नदी से छापर टोला एवं आशा गाँव का कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी से कटाव रोकने हेतु वर्ष 2016-17 में जल संसाधन विभाग द्वारा 500 बम्बू पाईलिंग एवं जिओ बैग आदि द्वारा कटावरोधक कार्य किया गया था, लेकिन जुलाई, 2017 में आई बाढ़ से सारा सामग्री नदी में समा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँवों में स्थायी कटावरोधक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*160. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार-डंडखोरा-द्वाशय-कंधरपैली विभागीय पथ में धुसमर गाँव के नजदीक स्क्रू पाईल पुल विगत बाढ़ में जर्जर हो गया है, जिसके कारण डाइवर्सन के सहारे यातायात में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आई० टी० आई० कॉलेज खोलना

*161. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया अनुमंडल के केसरिया प्रखंड के मोहम्मदपुर में वर्ष 2017-18 में सरकार द्वारा आई० टी० आई० कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया था, लेकिन आजतक उक्त स्थान पर आई० टी० आई० कॉलेज नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक आई० टी० आई० कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

'क'-*162. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड के शकरपुरा से बहादुरपुर तक की सड़क जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को अनुमंडल मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय एवं बाजार आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का पुनर्निर्माण

*163. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज प्रखंड के विक्रमगंज डेहरी ऑन-सोन पथ एवं कायस्थ बेहुआरा शिव मंदिर से अमरथा तक पथ विगत 15 वर्षों से जर्जर अवस्था में होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आई० टी० आई० खोलना

*164. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत समेली प्रखंड में महिला आई० टी० आई० महाविद्यालय नहीं है, जिसके कारण महिला छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में महिला आई० टी० आई० कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सुरक्षा दीवार का निर्माण

*165. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ नगर, भभुआ वन विभाग के सामने दक्षिण एवं उत्तर की ओर नहर वितरणी के दोनों तरफ सड़क है, किन्तु नहर के दोनों तरफ सुरक्षा दीवार नहीं है, जिससे आम लोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर वितरणी के दोनों तरफ सुरक्षा दीवार बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क'' पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1339(s), दिनांक 6 फरवरी, 2019 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्था० ।

दोषी पर कार्रवाई

*166. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत मनीगाछी प्रखंड के मनीगाछी ब्रह्मपुरा से बहुअरवा चौक तथा सदर प्रखंड के चीकनी से देवना तक जाने वाली सड़क कई प्रखंडों एवं जिलों को जोड़ने वाली सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़क का एन० ओ० सी० पत्रांक 751, दिनांक 26 जुलाई, 2018 द्वारा प्राप्त होने के बाद भी सड़क वर्षों से जर्जर बनी हुयी है तथा आवागमन बाधित हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क निर्माण कार्य में हुये विलम्ब के लिये दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नहर में पानी देना

*167. श्री हेम नारायण साह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत महराजगंज विधान सभा क्षेत्र के ग्राम-खेढ़वाँ, प्रखंड भगवानपुर (हाट) में मुख्य नहर स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर की खुदाई सन् 1981-82 में पूरी हो चुकी है, लेकिन आजतक उसमें पानी नहीं छोड़ा गया है, जिसके कारण वहाँ के किसानों को सिंचाई में परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर में पानी देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप चालू कराना

*168. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र में दौलतपुर पंचायत में नौ नलकूप में आठ खराब है एवं जमीरा पंचायत में आधे से अधिक नलकूप खराब है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*169. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड में जी० टी० रोड बुधौल से मठ टोला इटकोहिया महादलित टोला होते हुये पोखर तक सड़क कच्ची है, जिससे आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त 1 कि० मी० सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*170. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखण्डान्तर्गत नेयाम गाँव के पास बागमती नदी पर पुल का निर्माण एक वर्ष पहले ही हो चुका है, जबकि संपर्क पथ नहीं बनाया गया है जिससे उक्त पुल से आवागमन अभीतक चालू नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त संपर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ को आर०सी०डी० में सम्मिलित करना

*171. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड के एन०एच०ए०आई०-2 सीरीस भाया चरण माली (नवीनगर प्रखंड) भाया कुटुम्बा प्रखंड के कुटुम्बा भाया सण्डा, देव प्रखंड के बालूगंज आर०डब्लू०डी० पथ, आर०सी०डी० में सम्मिलित होने की अर्हतायें पूर्ण कर रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ को आर०सी०डी० में कबतक सम्मिलित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का जीर्णोद्धार

*172. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के अकबरपुर प्रखंड के एन०एच०-31 पचगांवा मोड़ से सकरपुरा पथ, एवं बरेव गोविंदपुर पथ से बिजली ऑफिस के पास से पटेरी निगारी होते हुये मस्तानगंज तक, पथ जर्जर हैं जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*173. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखण्ड के ग्राम-ठकुरार के पास धावा नदी पर पुल नहीं है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों की मरम्मती कराना

*174. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज बाजार के मीरगंज चौक से बाजार समिति होकर पूर्णियाँ जिला सीमा तक जानेवाली सड़क एवं बिहारीगंज प्रखंड के लक्ष्मीपुर से बिहारी गंज बाजार होकर

शीतल मील तक जाने वाली सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, साथ ही उक्त दोनों सड़कों पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की उड़ाही

*175. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत शिकारपुर पंचायत के दरियापुर ग्राम स्थित गंडक नदी से निकलने वाली स्लूईस नहर में गाद भर जाने के कारण किसानों को सिंचाई में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दरियापुर ग्राम से हरदिया चँवर तक उक्त नहर की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मचारी आवास का नवनिर्माण

*176. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय एवं उजियारपुर के प्रखंड-सह-अंचल कर्मचारियों का आवास जर्जर है, जबकि वहाँ परिसर में आवास निर्माण हेतु प्रर्याप्त जमीन है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय के कर्मचारी के आवास का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*177. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला अन्तर्गत प्रखंड मुख्यालय चौसा का भवन जर्जर है, जिससे कर्मियों को कार्य करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चौसा प्रखंड के नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डैम का जीर्णोद्धार

*178. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड के अन्तर्गत चौराराजपुर एवं धीसेढ पंचायत के मेधुवाँध, बंगालीआहर, कोल एवं लखीया का आहर जर्जर है जिसके कारण हजारों एकड़ जमीन सिंचाई के अभाव में बंजर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर एवं डैम का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का निर्माण

*179. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के सुपौल प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत अमहा में एक भी ग्रामीण सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने से पंचायतवासियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम पंचायत अमहा में (1) राजकचहरी चौक से भेलवा सीमा (2) चौधारा सहरसा की सड़क सपरदाहा ग्राम-कजहा, लतराहा होते हुये सपरदाहा पूर्व मुखिया के घर तक सड़क का निर्माण नहीं होने से अमहा पंचायत की जनता को यातायात में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल बनाना

*180. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत नुआँव प्रखंड के मोरथ गाँव के समीप धर्मावती नदी के दोनों किनारे पर सड़क बन गयी है, परन्तु उक्त नदी पर दो स्टेप को छोटा पुल नहीं बनने से बक्सर एवं कैमूर जिला के जनता को आवागमन में असुविधा होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मोरथ गाँव के समीप धर्मावती नदी पर दो स्टेप का पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

डीप सिंचाई योजना

*181. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार व जनदाहा प्रखंड में अल्प वर्षा के कारण भू-जल स्तर काफी नीचे चला गया है, परिणामस्वरूप महनार प्रखंड के रूपसीपुर तथा जनदाहा प्रखंड के सिलौथर आदि जगहों में अधिष्ठापित राजकीय नलकूपों में पानी देना बंद कर दिया है, साथ ही किसानों के निजी बोरिंगों ने भी पानी देना बंद कर दिया है, जिससे रब्बी फसल यथा गेहूँ, मकई एवं दलहन के पौधों का विकास अवरुद्ध हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रधानमंत्री डीप सिंचाई योजना से या बिहार शताब्दी निजी नलकूप योजना से अधिक गहराई वाले बोरिंग लगवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

तटबंध का निर्माण

*182. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ए० एम० यू० किशनगंज सेन्टर एवं प्रस्तावित पुलिस लाइन को महानन्दा नदी के कटाव से बचाने हुये जल संसाधन विभाग द्वारा 44 करोड़ के लागत से तटबंध निर्माण कराया जा रहा था, जिसके विरुद्ध माँझी, परगनास, अमेन, बैसी द्वारा एन० जी० टी० पूर्वी जोन, कोलकता में एक परिवाद दायर किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है जबकि एन० जी० टी० पूर्वी जोन, कोलकता से किसी प्रकार का रोक नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तटबंध निर्माण कार्य को जल्द चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*183. <u>श्री सिद्धार्थ</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत विक्रम विधान सभा क्षेत्र के विक्रम प्रखंड स्थित सोना अहुआरा के ग्राम सोना से भाया अहुआरा होते हुये देवरा पथ विगत 4 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मिट्टी की सफाई

*184. <u>श्री अचमित ऋषिदेव</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के वीरनगर पश्चिम पंचायत में जानकीनगर ब्रान्च केनाल (जे० बी० सी०) में तिनकोनमा फाटक के पास स्केप चैनल बालू और मिट्टी से भर गया है जिससे स्केप रेगुलेटर ऑपरेट करने पर नहर का पानी आस-पास के हजारों एकड़ भूमि में फैल जाता है और उसपर लगी फसल पूरी तरह नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्केप चैनल से बालू एवं मिट्टी की सफाई (उड़ाही) कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छिलका का निर्माण

*185. <u>श्री जितेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिन्द प्रखंड के उतरथु पंचायत के ग्राम-विशुनपुर के पास गोयठवा नदी में छिलका निर्माण एवं कतरीसराय प्रखंड के मैरा वरीठ पंचायत के मुंशी नदी पर मैरा छिलका का वित्तीय वर्ष 2017-18 में डी० पी० आर० एवं रूपांतरण होने के बावजूद अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है जिससे खरीफ सहित रब्बी फसल का पैदावार प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों छिलका का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*186. <u>श्री मुनेश्वर चौधरी</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत कोटवा पट्टी रामपुर पंचायत एवं रायपुर बिनगाँवा पंचायत में दयालचक से बलवन टोला तक गंगा नदी में कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का जीर्णोद्धार

*187. <u>श्री बिरेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत गुप्ता बाँध-कसहा बिरमाहिई-अमरपुर, गंगा प्रसाद-जयनगर-बाँका होते हुये दलसिंहसराय तक जाने वाली सड़क विगत 15 वर्षों से अत्यंत जर्जर हो जाने के कारण लाखों लोगों का आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराकर आवागमन को सुचारु कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*188. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के नगमोहन चौक से नरकटिया होकर चचराहा जानेवाली सड़क पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे लोगों को आवागमन में बहुत ही कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*189. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम तेम्हुआ में बारा टोला कब्रिस्तान से लेकर धरमपुर तक 2 कि० मी० आर० ई० ओ० की कच्ची सड़क है, जिसके कारण मरीजों एवं अन्य पीड़ित परिवार को वर्षात के समय में रास्ता अवरुद्ध होने के फलस्वरूप आने-जाने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*190. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के विक्रम विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नौबतपुर विक्रम एन० एच० 98 से ग्राम टरवां होते हुये आराप जानेवाली पथ विगत 5 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नदी पर चेकडैम का निर्माण

*191. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटियाबम्बर प्रखंड के बरसंडा ग्राम के पास मुहाने नदी पर चेकडैम नहीं रहने के कारण 500 एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम के पास मुहाने नदी पर एक चेकडैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

पथ का जीर्णोद्धार

*192. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत रामनगर प्रखण्ड के भावल से पी० डब्लू० डी० अम्बेदकर चौक वाया इमिलियाटोला, सबुनी 4 कि० मी० तथा नवगाँवा से धोकराहा पी० डब्लू० डी० मुख्य पथ तक 4 कि० मी० सड़क जर्जर हो गयी है, जिस कारण ग्रामीण जनता को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*193. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड के धुनैली पंचायत के कॉपरेटिव बाजार से खरकट्टा पुल तक की सड़क 5 वर्षों से जर्जर होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*194. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के चान्दपुर घाट के बाया नदी पर पुल नहीं है, जिससे आम जनता को नदी पार करने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*195. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज प्रखंड में आरा-सासाराम पथ से शिवपुर हॉल्ट, सिअरुआँ टोला से रमाही टोला तक पथ विगत 10 वर्षों से जर्जर अवस्था में है जबकि यह पथ रोहतास जिला से भोजपुर जिला को जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*196. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के पंचायत नरहिया उत्तरी में सोहपुर एन० एच०-104 से भगवानपुर सर्कल चौक होते हुये पंचायत नरहिया दक्षिणी में एन० एच०-57 चतरापट्टी तक एवं पंचायत जिरोज के नेउर गाँव के गोपाल सिंह के घर से गंजला टोला से मंदिर तक सड़क कच्ची रहने के कारण 25 हजार की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*197. श्री राम विचार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत गुलाबपट्टी पंचायत के ग्राम-हिम्मतपट्टी, टोला मुंडमाला में पी० एम० जी० एस० वाई से निर्मित सड़क पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को 25 कि० मी० घुमकर केसरिया स्थित बौद्धस्तूप जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*198. डॉ० सुनील कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के सम्पतचक प्रखंड के शाहपुर गाँव में कनौजी-टोला पर मुख्य सड़क से श्रीमती आरती शर्मा के मकान तक पगडंडी है, जो वासुदेव मार्ग के नाम से प्रचलित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल मुख्य सड़क से सम्पर्क विहीन रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पगडंडी पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*199. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित बलथी घाट उच्च स्तरीय आर० सी० सी० पुल से भरगामा जाने वाली सड़क की ऊँचाई कम रहने के कारण हल्की बारिश में भी जल-जमाव हो जाता है, जिसके कारण उस सड़क पर यातायात बाधित हो जाता है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क को ऊँचा करते हुये उसका पूर्ण निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क को कालीकरण कराना

*200. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर बाजार प्रखंड में सहरसा से पतरघट जाने वाली सड़क से महुरिया होते हुये मोर्चा कन्या स्कूल तक जानेवाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क को कबतक कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*201. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में मनरेगा योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है, किन्तु जमुई जिला में विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण यह योजना चालू नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जमुई जिला में मनरेगा योजना कार्यान्वित करने तथा विलंब के लिये दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*202. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत अररिया नगर परिषद क्षेत्र के अररिया चाँदनी चौक से पी० डब्लू० डी० ऑफिस नवरत्न चौक-जैन धर्मशाला-अररिया प्रखंड होते हुये अररिया कोर्ट स्टेशन तक जिला परिषद की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस सड़क पर यातायात का भार अत्यधिक रहने के कारण घंटों जाम की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को जिला परिषद से पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित कर उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा/अनुदान राशि का भुगतान

*203. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत ग्राम-पो०-बरदाहा, पंचायत जगवन पूर्वी निवासी श्रमिक स्व० सुनील साह, पिता रामचन्द्र साह की हत्या के उपरांत मुआवजा/अनुदान राशि के भुगतान हेतु बी० डी० ओ० बिस्फी ने अपने पत्रांक 1043, दिनांक 26 मार्च, 2018 द्वारा श्रम अधीक्षक, मधुबनी से अनुरोध किया है, किन्तु अभीतक राशि का भुगतान नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पीड़ित परिवार को मुआवजा/अनुदान राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अधिग्रहण का कार्य पूर्ण करना

*204. डॉ० अब्दुल गफुर--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सत्तरकटैया प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के भवन निर्माण हेतु जमीन अधिग्रहण की राशि जिला को विगत वर्ष ही उपलब्ध करा दिया गया है, किन्तु भूमि अधिग्रहण का कार्य अभीतक संपन्न नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के लिये भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*205. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी प्रखंड के बखरी पुरानी थाना चैक से बुढ़वन सिमाना मुखहरी तक का ग्रामीण सड़क काफी जर्जर है, जिसके कारण सुग्गा, चक्की, निशहरा, सीमाना मुशहरी के लोगों को बखरी बाजार आने-जाने में ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*206. श्री चंद्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के धैलाद प्रखंड मुख्यालय से भतरंधा जाने वाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन बाधित है तथा आमलोगों को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*207. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प०चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बखरिया चौक से ठरेसरी चौक होते हुये कुर्मी टोला तक की सड़क काफी जर्जर है, जिसके कारण आये दिन अप्रिय घटना घटित होने की आशंका व्याप्त रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*208. श्री विनय बिहारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के पंचायत राज पिपरहियाँ तथा पंचायत राज भवानीपुर को जोड़ने वाली पी० एम० जी० एस० वाई० सड़क जो पिपरहियाँ से कवलापुर बाजार तक जाती है, उक्त सड़क में कटहवा हारहा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आवागमन साल के छह महीना तक बाधित रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*209. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत माँझा प्रखण्ड में ग्राम-सिकमी से एन० एच० 28 तक जाने वाली सड़क जर्जर है जिसके कारण आमलोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मती कराना

*210. श्री रविन्द्र सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सोन नहर मुख्य कैनाल का अंसारी चैनल और आर० पी० चैनल अरवल लख से कोरियम प्रसादी इंगलिश तक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चैनलों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*211. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखंड अन्तर्गत उसीचक मौजा में आई० टी० आई० एवं ए० एन० एम० प्रशिक्षण विद्यालय बनाने हेतु भूमि उपलब्ध कराकर भवन निर्माण हेतु एक वर्ष पूर्व से ही भवन निर्माण विभाग को कार्य सौंपा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उक्त स्थल पर कार्य प्रारंभ नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का पूर्ण निर्माण

*212. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सत्तरकटैया प्रखंड अन्तर्गत कहरा उप-वितरणी नहर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर पर मौजा गावरगढ़ा थाना नं० 178 में जरसेन पांडेय टोला से गोवरगढ़ा कब्रिस्तान तक जाने वाली सड़क में आर० सी० सी० पुल का निर्माण दो-दो बार शुरू किया गया किन्तु अभीतक अपूर्ण है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पुल का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का जीर्णोद्धार

*213. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखंड के एस० एच० 77 पोठिया सड़क के पास स्थित जिला परिषद् का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*214. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड के ग्राम-लहसुरका से तुर्की, मुजफ्फरपुर सीमान रैन दाहा चौक तक की सड़क में पुरानी बागमती घाट पर स्थित लोहा का पुल जर्जर है जिससे आवागमन में काफी कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर लोहा पुल के बदले आर० सी० सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*215. श्री मदन मोहन तिवारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया प्रखंड के जौकटिया चौक से मझौलिया जाने वाली पथ में कोहड़ा नदी पर के० आर० उच्च विद्यालय-बेतिया के मुख्य दरवाजे के सामने चन्द्रावत नदी पर तथा बाबा संतावन दास मठ के पास चन्द्रावत नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*216. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दुल्हिनुबाजार प्रखंड में एस० एच०-2 ग्राम-भलुआँ पर स्थित उलार सूर्य मंदिर मोड़ से पालीगंज प्रखंड स्थिति मुरारचक मोड़, लालगंज सेहरा बाजार एवं ग्राम समदा के मेला होते हुये एस० एच० 69 पर स्थित बहादुरगंज टाढ़ी बाजार तक के पथ का अधिग्रहण हेतु जून, 2018 में ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग द्वारा प्रस्ताव की माँग की गयी है, परन्तु अभीतक अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करते हुये उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वितरणी का जीर्णोद्धार

* 217. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रघुनाथपुर वितरणी खर-पतवार एवं मिट्टी से भर जाने के कारण जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वितरणी के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँचने के कारण किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रघुनाथपुर वितरणी का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--जल संसाधन विभाग, आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि रोहतास जिलान्तर्गत गारा चौबे शाखा नहर से निःसृत रघुनाथपुर वितरणी की लम्बाई 12 कि० मी० एवं रूपांकित जलस्राव 55 क्यूसेक है । रघुनाथपुर वितरणी में खरीफ सिंचाई 2018 के दौरान आवश्यकतानुसार मरम्मती कार्य कराकर नहर के अंतिम छोर तक पटवन कराया गया है । सिंचाई उपलब्धि निम्नवत् है:--

| वर्ष | लक्ष्य (हे० में) | उपलब्धि (हे० में) |
|---|---|---|
| खरीफ-2018 | 2299 | 2240 |

--------

सड़क का पक्कीकरण

*218. श्री हरीशंकर यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हुसैनगंज प्रखंड के गोपालपुर उप-वितरणी के छपीया से रफीपुर तक जाने वाली नहर पर सड़क कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आहरों की उड़ाही

*219. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड चकाई में रमनीडीह स्थित धनियवा आहर एवं सोनो प्रखंड के थम्मन में सिन्दुर बंधा आहर की 10 वर्षों से उड़ाही नहीं हुई है, जिसके कारण नाला से पानी नहीं आता है और किसानों के खेत में पटवन नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहरों की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डैटेम वाल का निर्माण

*220. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के रामनगर प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत रामनगर रामरेखा-183, 185 आर० डी० से रेलवे लाइन के तरफ लगभग 500 फीट डैटेम वाल निर्माण हेतु प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा पत्रांक-209, दिनांक 26 अक्टूबर, 2016, पत्रांक-472, दिनांक 16 सितम्बर, 2017 एवं पत्रांक 563, दिनांक 26 मार्च, 2018 के माध्यम से सरकार को पत्र लिया गया था, किन्तु डैटेम वाल निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो उक्त स्थान पर नये डैटेम वाल नहीं बनाने का क्या औचित्य है ?

--------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*221. डॉ० अशोक कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा प्रखंड अन्तर्गत बुढ़ी गंडक नदी के बाएँ तटबंध के रहुआ धर्मपुर गाँव में बरसात के दिनों में बांध का कटाव तेजी से होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तटबंध के निकट अवस्थित गाँव तथा तटबंध की सुरक्षा हेतु उक्त स्थान पर कटाव निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का आवंटन

*222. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया बाजार बायपास पथ 2.75 कि० मी० जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिये कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक 944 अनु०, दिनांक 28 जनवरी, 2018 के द्वारा प्राक्कलित राशि 9,58,40,000 की तकनीकी स्वीकृति हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में विभाग को समर्पित किया गया है, परन्तु अबतक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ के लिये राशि आवंटन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--पथ निर्माण विभाग स्वीकात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि उक्त पथ, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत बुढ़ी गंडक नदी का नगर सुरक्षा बाँध है, जिसे पथ निर्माण विभाग ने वर्ष 2018-19 के कार्य योजना में सम्मिलित कर लिया है । उक्त पथ के प्राक्कलन तकनीकी अनुमोदनोंपरान्त प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया में है । प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति एवं जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त निविदा आमंत्रित कर कार्य कराया जायेगा ।

पथों की मरम्मती

*223. श्री अनिल सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ प्रखण्ड अंतर्गत बढ़ौना से गाम हदसा-गोंदर बिघा पथ एवं दोना से सचैल रिवरन बिघा पथ जर्जर रहने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*224. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बरौनी प्रखंड अंतर्गत मैदावभनगामा से गमुआ होते हुए बीरपुर प्रखंड को जोड़ने वाली पथ की स्थिति अत्यंत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के जर्जर होने से दोनों प्रखंडों के लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पक्कीकरण

*225. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत केनगर प्रखण्ड के बेला रिकाबगंज पंचायत के बालू घाट से जोका जानेवाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी की खुदाई

*226. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्ड अंतर्गत ''पत्नी बाँध'' के पास नदी में (सिल्ट) गाद जमा हो गया है, जिससे आस-पास के 10 हजार एकड़ भूमि में सिंचाई का पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी की खुदाई कराने एवं डेटम वॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*227. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत बोचहाँ प्रखण्ड में एन0 एच0 77 पर झपहाँ मार्केट से कफेन पुरानी बागमती तक की सड़क जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल एवं स्लूईस गेट की संरचना

*228. श्री जय वर्धन यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड स्थित ग्राम-सोहन बिगहा में वर्ष 1965 में निर्मित आहर पर पुल एवं स्लूईस गेट ध्वस्त हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल एवं स्लूईस गेट ध्वस्त होने के कारण पालीगंज अनुमंडल के चार प्रचायतों के कृषकों को सिंचाई में कठिनाई होती है एवं स्थानीय कृषक श्रमदान कर हर वर्ष स्लूईस गेट के स्थान पर कच्ची दीवार का निर्माण कर सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं जो पानी के दबाव के कारण ध्वस्त हो जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल एवं स्लूईस गेट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कटाव पर रोक लगाना

*229. श्री आनंद शंकर सिंह --क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड औरंगाबाद के ग्राम पंचायत खैरा बिन्द के ग्राम रेपुरा में बटाने नदी द्वारा कटाव से सैकड़ो एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हो रही है, साथ ही देव प्रखंड के ग्राम पंचायत इसरौर के ग्राम कटैया में उच्च विद्यालय के खेल की मैदान की जमीन भी स्थानीय नदी के इस कटाव से प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदियों से हो रहे कटाव से बचाव हेतु कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*230. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाढ़ प्रमंडल-2, खगड़िया में करांची-बदला बाँध के 0.47 कि0 मी0 तिलकनगर अम्बा-इचरूआ से बदलाघाट तक बाँध का जीर्णोद्धार एवं मजबूती कार्य बी0 एस0 सी0 पी0 एल0 कम्पनी द्वारा अप्रैल, 2018 से प्रारम्भ किया गया था जिसका प्राक्कलित राशि 600 करोड़ रुपया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कम्पनी द्वारा निविदा की शर्तों का उल्लंघन कर मिट्टी के बदले नदी का अवैध सफेद बालू बाँध पर दिया जा रहा है तथा मानके के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी पदाधिकारी और एजेंसी पर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

खुदाई एवं मरम्मती

*231. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के तिरहुत मुख्य नगर से निकलने वाली उप-वितरणी आर0 डी0 नं0-33.1/2 श्री रामपुर वाटर कोर्स से बिरबलिया भाया जटौलिया, भलुही वितरणी में सिंचाई हेतु पानी नहीं पहुँच पाता है, जिससे लगभग आठ हजार हेक्टेयर खेत सिंचाई सुविधा से वंचित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त उप-वितरणी का खुदाई एवं मरम्मती कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल स्तर में सुधार

*232. <u>श्री श्याम रजक</u>--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जनवरी, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''2500 साल पुराना वैशाली का पुष्करणी सरोवर पहली बार सूखा, जल स्तर 4 फीट घटा तो गाँव के चापाकल भी सूखे'' के आलोक में क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिले का ऐतिहासिक महत्व का पुष्करणी सरोवर सूख गया है, जिसमे तिरहुत नहर से पानी लाने की योजना सरकार के पास विचाराधीन है; जबकि स्वयं इसमें वर्षभर पर्याप्त जल नहीं रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरोवर के सूखने से आस-पास के गाँव के चापाकल भी सूख गये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरोवर में सालोंभर जल की व्यवस्था हेतु स्थानीय जलस्तर में सुधार लाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*233. <u>श्री लाल बाबू राम</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंड के पंचायत कटेसर में कदाने नदी के कटेसर घाट पर पुल का निर्माण नहीं होने से मुजफ्फरपुर एवं वैशाली के लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*234. <u>श्री प्रभुनाथ प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के सम्पतचक प्रखंड के शाहपुर गाँव में कनौजी-टोला पर मुख्य सड़क से श्रीमती आरती शर्मा के मकान तक पगडंडी है, जो वासुदेव मार्ग के नाम से प्रचलित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल मुख्य सड़क से सम्पर्कविहीन रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पगडंडी पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*235. <u>श्री प्रभुनाथ प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखंड अन्तर्गत इटौर से मधुरी दलित टोला तक 3 कि०मी० एवं इटौर, रेपुरा टोला से इटौर महादलित टोला तक 1.50 कि० मी० कच्ची सड़क है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर कच्ची सड़क रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर पक्की सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*236. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखंड लखनौर के झंझारपुर आर०एस० बाजार पथ में नाला नहीं होने के कारण जल-जमाव बना रहता है, जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ के दोनों तरफ नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*237. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत बनवा इटहरी प्रखंड के फरसबन्नी मध्य विद्यालय से पश्चिम धोबी टोला, फरसबन्नी में पुल नहीं रहने के कारण आम-जनता को लम्बी दूरी तयकर सहरसा आना-जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कबतक धोबी टोला, फरसबन्नी में दो स्पेन पुल का निर्माण कराकर आवागमन बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कटाव-रोधक कार्य

*238. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड में कनकई नदी से चनकी तारा बाड़ी एवं चकला गाँव का विगत 25 वर्षों से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव का कटाव रोकने हेतु कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*239. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत कलुवाही से बासोपट्टी एवं हरलाखी जानेवाली सड़क पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसके कारण आम जनता को आवागमन मे कठिनाइ होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*240. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड के पूर्वी बबुरा पंचायत के कोलहरामपुर गाँव में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने हेतु मार्च, 2018 में निविदा निकाली गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण आजतक उक्त पंचायत भवन का निर्माण नहीं हो सका ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँचोपरान्त पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*241. श्री प्रह्लाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के मोहनपुर ग्राम से जलप्पा स्थान धाम होते हुये दैता बाँध तक ग्रामीण सड़क जर्जर है जिसके कारण आवागमन बंद है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बेडवार का निर्माण

*242. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत बंजरिया प्रखंड के महम्दपुर गाँव से उत्तर एवं सुंदरपुर गाँव से दक्षिण में सिकराना नदी से तथा बनकटवा प्रखंड के गोला पकडिया से पश्चिम एवं जीतपुर गाँव से उत्तर में तियर नदी से कटाव के कारण बेडवार निर्माण हेतु विभागीय स्तर पर सी0आर0सी0 तक प्रक्रिया विगत दो माह पूर्व पूर्ण कर ली गयी है, किन्तु विभागीय स्तर पर निधि का अभाव दिखाकर उक्त स्थानों पर बेडवार निर्माण से संबंधित कार्य पर तत्काल रोक लगा दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर बेडवार के निर्माण नहीं होने के फलस्वरूप नदी का कटाव निरंतर जारी है,;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर बेडवार निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी पर वीयर बनाना

*243. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिला के अमरपुर विधान सभा के शम्भूगंज प्रखंड के वैदपुर पंचायत के सिलौटा ग्राम के पास बडुआ नदी की गहराई ज्यादा हो जाने से करीबन दो हजार एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है, जिससे पाँच पंचायत के किसानों का फसल प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सिलौटा के पास बरूआ नदी पर वीयर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*244. श्री हरीशंकर यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत आंदर प्रखंड के तियाय से मेहदार मंदिर तक सड़क कच्ची होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, साथ ही यह सड़क एस0एच0-89 को भी जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण

*245. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत हसनगंज प्रखंड मुख्यालय से कोढ़ा प्रखंड को जोड़ने वाली ग्रामीण पथ में भारी आवागमन होता है, जिसको सुगम करने हेतु इस पथ में चापी धार पर एक उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्मित है, लेकिन विगत बाढ़ के कारण इस पथ की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का सुदृढ़ीकरण एवं कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*246. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के रामपुर ढ़ाला से लकहर पुल होते हुये शासन रेलवे ढ़ाला तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शासन, मुराँहा, पातेपुर, कशिया और कमलपुरा ग्राम के आम लोगों को प्रखंड मुख्यालय आने में उक्त कच्ची सड़क का सहारा लेना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*247. श्री विनय बिहारी --क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत लौरिया प्रखंड के पंचायत राज खजुरिया बहुअरवा के खजुरिया से पंडाटोली-पासवान टोली होते हुये धोबनी तक आनेवाली तीन किलो मीटर लम्बी सड़क जर्जर एवं यातायात के लायक नहीं रह गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के आमजनों एवं स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को जर्जर सड़क होने के कारण आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी को दंडित करना

*248. श्री सत्यदेव राम--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सदर प्रखंड हाजीपुर में इन्दिरा आवास आवंटन में अनियमितता बरती गई है, जिसमें मृत व्यक्तियों से लेकर सरकारी नौकरी वाले को इन्दिरा आवास आवंटित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में 2010-11 में सरकारी नौकरी वाले इन्दिरा आवास लाभार्थी में सुनीता देवी, पति-सत्यनारायण प्रसाद जो सरकार में इंजिनियर है एवं सत्येन्द्र कुमार पासवान, पिता-सिंहेश्वर पासवान रेलवे में कार्यरत है, इसी तरह मृत व्यक्तियों में जूलेखा खातुन, पति-नसिरुद्दिन मियां की मृत्यु 30 जनवरी, 2009 को हो गई जिन्हें 4745/26 सितम्बर, 2016 को इंदिरा आवास आवंटित किया गया ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में आवंटित इन्दिरा आवास की जाँच कराकर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

ट्यूवेलों को संचालित कराना

*249. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड/सदर प्रखंड के स्टेट ट्यूवेलों की स्थापना दस वर्ष पूर्व की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्टेट ट्यूवेल के सफल संचालन हेतु इसकी जिम्मेदारी पंचायतों को सौंपने के बावजूद भी दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड/सदर प्रखंड के सभी स्टेट ट्यूवेल खराब हैं, जिससे किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद ट्यूवेलों को कबतक संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*250. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत कुचायकोट प्रखंड के कुचायकोट मैरवा मुख्य पथ में ग्राम-भामी टोला से पश्चिम दिशा के तरफ खुटवनिया चौबे मुख्य सड़क तक जानेवाली पथ कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*251. श्री सुरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई प्रखंड के औराई-जाले पथ जर्जर है जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*252. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय सदर प्रखंड के अन्तर्गत एन0 एच0-31 से पनसल्ला एवं एन0 एच0-31 से भैखार चौवटा होकर कालीस्थान जानेवाली सड़क जर्जर स्थिति में है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*253. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत बन्दरा प्रखंड के बड़गाँव मुसलमान टोला का वार्ड नं0-7 में एक हजार लोगों की आबादी है, जिसका मुख्य सड़क तक आवागमन के लिये कोई सम्पर्क पथ नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बड़गाँव से मुसलमान टोला तक जमीन अधिग्रहण कर सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथों का जीर्णोद्धार

*254. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा विधान सभा क्षेत्र में दीघी से विशनपुर गोनाही चौक तक तथा सिंगरहिया पंचायत के पुरनहिया पैक्स गोदाम से सिंगरहिया होते हुये निजातपुर-शैपुर-सुगाही होते हुये छौरहिया मध्य विद्यालय तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्यूबेल चालू करना

*255. श्रीमती संगीता देवी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत प्रखंड गायघाट के बलौर ग्राम में विगत 10 वर्ष पहले स्टेट ट्यूबवेल सिंचाई हेतु लगाया गया था, किन्तु अभीतक उक्त ट्यूबवेल से किसानों को सिंचाई हेतु पानी नहीं मिला रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्टेट ट्यूबवेल को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक। मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट प्रखंड में नावार्ड फेज-11 के तहत बलौर नलकूप योजना अवस्थित है। यह नलकूप वर्तमान में चालू है। खंड (क) में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

--------

पुल का निर्माण

*256. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मधुबनी के बजरंगबली मंदिर के समीप लखनदेय नदी में निर्मित पुलिया बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे आम जनता को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*257. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड के कुकुरबाड़ी पंचायत में बौरीगच्छ से खोरीबाड़ी बंगाल सीमा तक की दो (2) कि0 मी0 सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, जिसके कारण अक्सर दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*258. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखंड के सिंगियान पंचायत एवं हारिपुर कला के मुख्य मार्ग पर जानकीनगर नहर शाखा के बिन्दु आर० डी० 214 पर स्थित साईफन के ऊपर पुल नहीं रहने से इस क्षेत्र की जनता को मुरलीगंज प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त साईफन पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रखंड बनाना

*259. श्रीमती अरुणा देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नावादा जिला में पकरीबरावाँ प्रखंड में मुख्यालय से 10 कि० मी० की दूरी पर धमौल बाजार स्थित है, जो प्रखंड बनने की सभी आर्हता रखता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक धमौल को प्रखंड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*260. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के आरा प्रखंड में धोबहा बाजार के आगे धोबहा सलेमपुर पथ पर पुल का हो रहे निर्माण कार्य में अभियंताओं एवं ठीकेदार की मिलीभगत से घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग कर मानक के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण कार्य की जाँच कराने एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*261. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत माँझा प्रखंड में एन० एच० 28 से ज्ञान गंगा स्कूल होते हुये पैठानपट्टी तक जानेवाली सड़क जर्जर है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*262. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखंड में तिरहुत मुख्य नहर का नावादा से लेकर नारायणपुर तक की सेवा पथ जर्जर होने के कारण आवागमन प्रभावित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर के पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*263. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड में गंडक नदी के 70 घाट पर निर्माणाधीन पुल का निर्माण कार्य वर्ष 2015 में ही पूर्ण कर लेना था;

(2) क्या यह बात सही है कि तय समय-सीमा से 3 वर्ष से ज्यादा बीत जाने के उपरान्त भी अभीतक उक्त पुल का 40 प्रतिशत निर्माण कार्य अधूरा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पक्कीकरण कराना

*264. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई प्रखंड के एकचन्ना, बेढ़ाजाल, धूमटोला, बाईसमिट्टी, बालूपारा, कासीपारा, कलियानगर, ग्वालटोली गाँवों को जोड़ती हुयी कसबा टोली गाँव तक जाने वाली सड़क उक्त क्षेत्र के 50 हजार जनता के लिये महत्वपूर्ण सड़क है, जिसका आजतक पक्कीकरण नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कच्ची सड़क पर छोटी वाहनों से लेकर बड़ी वाहनों यथा जे० सी० बी० और हारवेस्टर तक के परिचालन होने से सड़क गड्ढे में तब्दील हो गयी है जिससे आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का चौड़ीकरण

*265. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के कटोरिया-देवघर मुख्य पथ में जमुआ मोड़ के पास पुल की चौड़ाई कम होने से आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 की श्रावणी मेला में उक्त पुल पर कांवरिया सदस्य की सड़क दुर्घटना में मृत्यु भी हो चुकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*266. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के बीरा चौक से महेश्वा ग्राम तक एवं पंचगाछी चौक से मौगन इंसान के घर होते हुये महिला गाँव तक सड़क कच्ची होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़कों का जीर्णोद्धार

*267. <u>श्रीमती सावित्री देवी</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखण्ड के महेश्वरी से विशनपुर तक तथा थम्मन से असरखो तक की सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर हो गयी है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्के ढालों का निर्माण

*268. <u>श्री अशोक कुमार</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखण्ड से होकर गुजरने वाली करेह नदी के दाँये तटबन्ध के 19.00 कि० मी० से 38.00 कि० मी० में तटबन्ध का ऊँचीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबध पर गाँव एवं नदी की तरफ से आमलोग, मवेशी तथा सवारियों के आने-जाने के लिये कच्चे ढालों का निर्माण सही प्रकार से नहीं कराये जाने की वजह से तटबन्ध में कटाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्के ढालों का निर्माण कराकर तटबन्ध के क्षरण को रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का निर्माण

*269. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत हरदेव टोला से खट्टी बबलाबन्ना तक गंगा नदी के कटाव से बचाव के लिये 6300 मीटर का तटबंध बनाया गया था, जो विगत वर्ष 2018 की बाढ़ में गंगा नदी के कटाव से क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बबलाबन्ना और पारदियारा इत्यादि कई गाँव कटाव से प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तटबंध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*270. <u>श्री सुरेन्द्र कुमार</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत औराई प्रखंड के ताराजीवर-भवानीपुर-सहिल्ला बल्ली-झिटकहिया सड़क जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कालीकरण कराना

*271. <u>श्री गुलाब यादव</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर में कमला पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंध के दोनों तरफ कालीकरण नहीं रहने से आमलोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कमला तटबंध के दोनों तरफ कालीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*272. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में हाईब्रीड मॉडल के अन्तर्गत चयनित सभी योजनाओं का एक साथ टेन्डर लगातार दो बार वित्तीय वर्ष 2016-17 में निकाला गया, परंतु किसी भी अभिकर्ता द्वारा टेन्डर नहीं डाला गया जिसके कारण सरकारी स्तर से अलग-अलग सड़क का टेन्डर निकालने की मंजूरी वित्तीय वर्ष 2016-17 प्रदान की गयी है, परन्तु अबतक सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार हाईब्रीड मॉडल के अन्तर्गत चयनित उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*273. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के पंचायत गोपालपुर में सोनडीहा रोड से विजय नगर महादलित टोला होते हुये कुशी बेलदार टोला तक एवं डोभी प्रखंड में जी० टी० रोड नान्हु विगहा से बनवारा होते हुये सबल विगहा तक कच्ची सड़क रहने से आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार शेरघाटी प्रखंड के पंचायत गोपालपुर में सोनडीहा रोड से विजय नगर महादलित टोला होते हुये कुशी बेलदार टोला तक 1.5 कि० मी० एवं डोभी प्रखंड में जी० टी०-रोड नान्हु विगहा से बनवारा होते हुये सबल विगहा तक 3 कि० मी० सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का पक्कीकरण

*274. श्री श्यामबाबु प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत मेहसी प्रखंड के झिटकहियाँ प्राथमिक विद्यालय से बबुरवन होते हुये देलुआहाँ तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*275. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड के डुमरा, ननौरा पंचायत के ननौरा गाँव में पुरानी बागमती नदी पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल निर्माण कराना

*276. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत ग्यारबिसगंज प्रखंड में अड़राहा पंचायत में लक्ष्मीपुर से बेलाही गाँव तक की पथ कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में बेलाही गाँव के पास कोसी धार में पुल नहीं है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क सहित कोसी धार पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*277. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत मेहसी प्रखंड के फतेहपुर ब्रम्हास्थान से कल्याणपुर जानेवाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण ग्रामीणों को बरसात के दिनों में आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*278. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के विशनपुर पंचायत अन्तर्गत ग्राम मधुलता, टोला शातिनगर, वार्ड नं०-4 में श्रीनगर नहर् माइनर में पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नहर में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आवश्यक कार्रवाई करना

*279. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के बंशी प्रखंड के ग्राम एकरौंजा के पास पुनपुन नदी के तट पर एक विशाल भगवान बुद्ध का मंदिर निर्मित है जिसमें भगवान बुद्ध की विशाल मूर्ति स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्षात के दिनों में उक्त नदी में बाढ़ आने से मंदिर के पास कटाव होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बुद्ध मंदिर को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का अनुरक्षण कार्य

*280. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर कार्य प्रमंडल में एन०एच-80 से महेशी रेलवे स्टेशन तक की पथ विगत 8 वर्षों से क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, भागलपुर ने अपने पत्रांक 1254 (अनु०), दिनांक 16 नवम्बर, 2018 द्वारा मुख्य अभियंता-4 ग्रा० का०वि० बिहार, पटना को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्राक्कलन समर्पित कर दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का अनुरक्षण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नदी पर चेकडैम निर्माण

*281. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंडान्तर्गत बेलहरणी नदी पर प्रस्तावित चेकडैम निर्माण एवं पूर्व से निर्मित सिंचाई डाढ़ों के पुनर्स्थापन हेतु विभाग ने डी०पी०आर० तैयार कर पत्रांक योजना 3 कार्य 10-09/2014/359, दिनांक 22 फरवरी, 2018 के द्वारा सिंचाई सृजन मुख्य अभियंता कार्यालय, भागलपुर को भेजा है, किन्तु अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, जिससे लगभग 500 एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी पर चेकडैम निर्माण एवं पूर्व से निर्मित सिंचाई डाढ़ों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दीवार निर्माण कराना

*282. डॉ० अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी विधान सभा क्षेत्र के संडा पंचायत का गुलजारबाग गाँव मोरहर नदी के किनारे बसा है, जहाँ सुरक्षा दीवार का निर्माण नहीं कराया गया है जिसके कारण उक्त नदी में तेज बहाव आने पर गाँव में कटाव होने लगता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव के पास मोरहर नदी में सुरक्षा दीवार निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*283. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा के सहार एवं तरारी ब्लॉक परिसर में पदाधिकारी आवास नहीं रहने से वहाँ के पदाधिकारियों को असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहार प्रखंड कार्यालय में चहारदीवारी भी नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड परिसर में पदाधिकारी आवास एवं सहार प्रखंड कार्यालय के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*284. श्री लक्ष्मेश्वर राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखंड के कुकुरदौड़ा पंचायत के शैलेन्द्र के घर से पांची नदी तटबंध तक, महादेव मठ पंचायत के महथौरा रोड से महथौरा गोठ होते हुये कोडिहर लौकही तक सड़क कच्ची रहने के कारण 15 हजार की आबादी को आवागमन में काफी कठिनाई होती है यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का अधिग्रहण

*285. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के सलहा-महनार ग्रामीण कार्य विभाग की नौ कि० मी० लम्बी अति महत्वपूर्ण और वयस्ततम पथ है जिसके जर्जर एवं चौड़ाई कम रहने के कारण वाहनों के परिचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही यह एन० एच० तथा एस० एच० सड़क को जोड़ती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहित होने के सभी अर्हता को पूरा करती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कर उसका जीर्णोद्धार एवं चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*286. श्रीमती अमिता भूषण--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत जी० डी० कॉलेज के पीछे से रतनपुर होते हुये हेमरा चौक तक जानेवाली सड़क अत्यंत जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के जर्जर होने से आम लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप को चालू कराना

*287. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत वैशाली प्रखंड के भागवतपुर पंचायत के भागवतपुर ग्राम में शोभी सिंह के घर के निकट 30 वर्ष पूर्व निर्मित राजकीय नलकूप अबतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटावरोधक कार्य करवाना

*288. डॉ० मुहम्मद जावेद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड अन्तर्गत टी 05 रायपुर पी० एम० जी० एस० वाई० सड़क में बाखोनाला कब्रिस्तान के पास डोंग नदी से कटाव होने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कटावरोधक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*289. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी के चंदवारा घाट पर पुल का निर्माण पिछले पाँच वर्षों से चल रहा था;

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले एक वर्ष से पुल निर्माण का कार्य बंद है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चंदवारा घाट पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अंतिम छोर तक पानी पहुँचाना

*290. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चैसा प्रखंड जो नहरों के अंतिम छोर पर स्थित है तथा इस वर्ष हथिया नक्षत्र में बारिश नहीं होने एवं नहर में कम पानी छोड़ जाने के कारण उक्त प्रखंड के किसानों का फसल सिंचाई के अभाव में प्रभावित हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार नहरों के अंतिम छोर पर छोड़े गये पानी की मात्रा के साथ-साथ पानी पहुँचाने की कार्य योजना की जानकारी देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथों का निर्माण

*291. श्री आनंद शंकर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत औरंगाबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत पोखराहा में बरिमल-सिमरा मुख्य पथ से गोसेया महादलित टोला तक एवं देव प्रखंड के ग्राम पंचायत इसरौर के विशुनपुर-सिलाड पथ से जुड़ा जुड्डा बिगहा तक के पथ का निर्माण नहीं होने के कारण उक्त क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राजवाहा का जीर्णोद्धार

*292. श्री बशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सलथुआ राजवाहा खर-पतवार एवं मिट्टी से भर जाने के कारण जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राजवाहा के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुँचने के कारण किसानों को सिंचाई कार्य में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सलखुआ राजवाहा का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि सोन नहर प्रणाली अंतर्गत करगहर वितरणी से निःसृत सलथुआ राजवाहा की लम्बाई 20.00 कि० मी० एवं रूपांकित जलश्राव 140 क्यूसेक है । सलथुआ रजवाहा में खरीफ सिंचाई 2018 के दौरान आवश्यकतानुसार मरम्मती कार्य कराकर नहर के अंतिम छोर तक पटवन कराया गया है । सिंचाई उपलब्धि निम्नवत् है:--

| वर्ष | लक्ष्य (हे० में) | उपलब्धि (हे० में) |
|---|---|---|
| खरीफ 2018 | 5104 | 4849 |

तकनीकी संभाव्यता के मद्देनजर प्रश्नाधीन वितरणी के जीर्णोद्धार कार्य का प्राक्कलन तैयार कर यथा शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु विभागीय पत्रांक 155, दिनांक 31 जनवरी, 2019 द्वारा मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी को निदेशित किया गया है ।

---------

सेतु का निर्माण कराना

*293. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के विक्रमशीला में विक्रमशीला सेतु पर यातायात दबाव के कारण विगत 5 वर्षों से जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार जाम से निजात हेतु विक्रमशीला सेतु के सामानान्तर एक नया सेतु का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कार्य करवाना

*294. डॉ० मुहम्मद जावेद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज प्रखंड अंतर्गत गाछपाड़ा से भरियाडाँगी ब्लॉक चौक जो कि आर०ई०ओ० की सड़क है जिसपर भारी वाहनों का आवागमन होता है, साथ ही यह बाईपास की मुख्य सड़क है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त आर०ई०ओ० सड़क को पी०डब्लू०डी० में लेकर उसका निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य करवाना

*295. शाहनवाज--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड के कुरथौल ग्राम के वार्ड नं० 8 के न्यू एतवारपुर में एन०एच० 83 से श्री संतोष कुमार के घर तक की सड़क जो गाँधी कॉपरेटिव पथ के नाम से जाना जाता है, जर्जर है तथा उसपर जल-जमाव भी रहता है जिससे वहाँ के लोगों को मुख्य सड़क एन०एच० 83 तक आने-जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का नाला के साथ निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*296. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर बाजार प्रखंड (सहरसा) में रमनगरा घाट एवं दुब्बी धार में पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों धार के दोनों तरफ सड़क का निर्माण हो चुका है;

(3) क्या यह बात सही है कि दोनों धार से 8 से 10 कि०मी० दूरी पर पुल नहीं रहने से आम जनता को काफी कठिनाई होती है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों धार में कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की मरम्मती

*297. सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अंतर्गत मघेली पंचायत के पास लगभग एक माह पूर्व नहर टूट गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर के टूटने से पानी के बहाव से 100 एकड़ भूमि में जल-जमाव हो गया है, जिससे किसानों की फसल प्रभावित हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रभावित किसानों को मुआवजा देने एवं नहर की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का जीर्णोद्धार

*298. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत करगहर राजबाहा एवं गाराचौबे राजबाहा का जीर्णोद्धार 12 साल पूर्व किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहरों में गाद जमा हो जाने से जल का प्रवाह नहीं हो पा रहा है;

(3) क्या यह बात सही है कि सुखाड़ के समय गारा नहर बजुआ के पास टूट गयी थी;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नये सिरे से उक्त राजबाहा का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*299. श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बौंसी प्रखण्ड के पिलुआ ग्राम से हथिया ग्राम तक 1.608 कि०मी० सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2016-17 में मिलने के बावजूद अभीतक निर्माण कार्यारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

मरम्मती कराना

*300. सुश्री पूनम कुमारी उर्फ पूनम पासवान--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड अंतर्गत सालेपर के महेशपुर चौक से महेन्द्र चौक तक की 1.5 कि०मी० लंबी सड़क जर्जर है, जिससे आमजनता को आने-जाने में परेशानी होती है, और आये दिन दुर्घटना घटित होती रहती है, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*301. श्री रविन्द्र यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत शास्त्रीनगर अनुसूचित आवास जो पटना पशिचम, भवन प्रमंडल, दानापुर के अन्तर्गत है, उसमें आवास संख्या 230/800 से 350/800 तक वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में प्रत्येक ब्लॉक वाईज आवास की मरम्मती मद में 4 से 10 लाख रुपये का आवंटन हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि आवंटन के फलस्वरूप प्रति आवास जरूरत के हिसाब से मदानुसार कार्य का प्राक्कलन तैयार किया जाता है, किन्तु संवेदक तथा कनीय अभियंता द्वारा मकान के लिये निर्धारित मदानुसार एवं प्राक्कलन अनुसार कार्य नहीं किया जाता है तथा आवासित कर्मियों को प्राक्कलन की जानकारी दिये बिना सम्पादन कार्य का फर्जी उपयोगिता प्रमाण-पत्र तैयार कर राशि की निकासी कर ली जाती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों वित्तीय वर्ष में खंड (1) में वर्णित आवासों में की गई मरम्मती कार्यों की जाँच कराने एवं दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*302. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड में माली से चरण एवं बारून प्रखण्ड में दुधार से जम्होर भाया-अमौना-कांश पथ को श्रेणी-1 में सम्मिलित कर डी०पी०आर० विभाग में वित्तीय वर्ष 2017-18 में समर्पित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथों की हालत जर्जर है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटावनिरोधक कार्य कराना

*303. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखण्ड अन्तर्गत रघई पंचायत के पास बूढ़ी गंडक नदी के दोनों तरफ कटाव हो रहा है, जिसके संबंध में भवदीय के ज्ञापांक 16, दिनांक 2 जनवरी, 2017 द्वारा अभियन्ता प्रमुख (बाढ़) को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया था, किन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अविलंब निविदा कराना

*304. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम में महादेवा जलाशय के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये 8 महीने पहले प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन विभाग द्वारा दे दिया गया है, किन्तु अभीतक निविदा नहीं निकाली गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक निविदा निकाल कर उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटवन की सुविधा

*305. श्री सत्यदेव सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कुर्था विधान सभा क्षेत्र में पुनपुन नदी से वर्ष 1990 के पूर्व लिफ्ट एरीगेशन के द्वारा सिंचाई होती थी, वह बिजली के अभाव में बंद हो गया है, जबकि उक्त क्षेत्र सुखाड़ से प्रभावित है तथा सिंचाई का कोई अन्य साधन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्व की योजनाओं को फिर से चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़कों का निर्माण

*306. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत जीरादेई प्रखंड के चन्दौली, गंगौली पंचायत में ग्राम-बेदवलिया से सकरा पंचायत के ग्राम-मनिया तक जाने वाली ईंट सोलिंग सड़क एवं ग्राम-संथू से नरेन्द्रपुर पंचायत के ग्राम-बढ़हुलिया तक जाने वाली ईंट सोलिंग सड़क जर्जर हो जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का पुनर्निर्माण

*307. श्री शकील अहमद खाँ--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कदवा प्रखंड के सालमारी-कुरूम पी0 डब्लू0 डी0 सड़क से मलिकपुर चौक तक एवं चैकी से कचैड़ा तक जाने वाली सड़क वर्ष 2017 को आयी भयंकर बाढ़ में क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का चौड़ीकरण

*308. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखंड अन्तर्गत एस0 एच0 महुआ-ताजपुर पथ में बहुआरा से शुक्की तक 6 कि0 मी0 पी0 डब्लू0 डी0 सड़क की चौड़ाई मात्र 10 फीट है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण जाम की स्थिति आये दिन बनी रहती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि पातेपुर से निकलने हेतु फिलहाल कई RCD पथ उपलब्ध है, जैसे बखरी, दुआ होते हुये महुआ तक पथ एवं राजधानी सड़क से जोड़ने हेतु पातेपुर-चाँदपुर-भरथीपुर- हसनसराय तक पथ जिन्हें 5.50 मी0 चौड़ा किया जा चुका है । अतः इस पथ पर यातायात घनत्व कम है । कभी-कभी जाम की समस्या होती है ।

(3) उक्त पथ के चौड़ीकरण की कार्रवाई वित्तीय वर्ष 2019-20 के कार्य योजना में शामिल कर दी जायेगी ।

---

पुल का निर्माण

*309. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के शम्भूगंज प्रखंड के मिर्जापुर-किरण प्रधानमंत्री पथ से भाया पड़रिया होते हुये पहलामपुर पथ के बीच कलिया नदी पर पुल नहीं होने से वहाँ से आमजनों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*310. श्री रमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत मैरवा प्रखंड में मैरवा गुठनी पथ से इंगलिश पंचायत के ग्राम-खैरा तक जाने वाली ईंटीकरण सड़क जर्जर हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*311. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत हफला चौक से कुरेठा तक की सड़क जर्जर हो गई है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पक्का नाला बनाना

*312. श्री विद्या सागर सिंह निषाद--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर में अवस्थित कोल्ड स्टोरेज चौक से जमुआरी नदी तक एवं नीम चौक से गाँधी चौक होते हुये जमुआरी नदी तक पक्का नाला नहीं है जिससे जल-जमाव होता है, यदि हाँ, तो कबतक उक्त स्थान पर नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण

*313. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड में पुराना तालाब यथा दिग्घी पोखर, महाराजपुर एवं मनिया सरकारी तालाब, महेन्द्रपुर में गाद, कचरा एवं झाड़ी उगने से अनुपयोगी हो गया है, जबकि सरकार की योजनानुसार तालाब एवं जलाशय को जीवन्त रखने के लिये तालाब जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण किये जाने का प्रावधान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त तालाबों का कबतक जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का विस्तार

*314. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड में भूतही बलान नदी पर पश्चिमी तटबंध का कार्य पूर्ण है तथा पूर्वी तटबंध निर्माण का कार्य रामनगर गाँव के समीप 25वाँ किलो मीटर पर पिछले सोलह वर्षों से रूका पड़ा है, जिससे आस-पास के गाँवों को बाढ़ के दिनों में प्रतिवर्ष नुकसान का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्वी तटबंध का विस्तार मधेपुर प्रखंड के मटरस गाँव तक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*315. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखंड के चिल्हनियाँ पंचायत में वार्ड नं० 7 सुशासन नगर से वार्ड नं० 15 में महादलित टोला तक कच्ची सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का जीर्णोद्धार

*316. श्रीमती प्रेमा चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के पातेपुर बाजार, फकीरचंद चौक से बेझा तक जानेवाली सड़क विगत 15 वर्षों से काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटावरोधक कार्य

*317. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बायसी प्रखंड में परवान नदी से मथुरापुर एवं हारेण्तोड़, मझवा गाँव का विगत 20 वर्षों से कटाव हो रहा है, जिसके कारण 50 परिवार विस्थापित हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव का कटाव रोकने हेतु कटावरोधक कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*318. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत जी० टी० रोड से अंकोरहा रेलवे स्टेशन भाया रिउर, सोहदा एवं जी०टी० रोड मुन्सी बिगहा से भुआपुर भाया चिरैला पथ श्रेणी-1 में शामिल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथों का डी० पी० आर० विभाग में पिछले वित्तीय वर्ष में ही समर्पित हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथों की स्थिति अत्यन्त जर्जर है जिससे आम जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का नव-निर्माण

*319. श्री आलोक कुमार मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय एवं उजियारपुर का प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन जर्जर है, जिससे कार्य सम्पादन में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन का नव-निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*320. श्री शिवचंद्र राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राजापाकर प्रखण्ड के महादलित बस्ती बैकुण्ठपुर पंचायत के पोखरैया वार्ड नं० 11 में बाबर खाँ के पोखर से रणधीर राम के घर तक एवं राजापाकर, उत्तरी पंचायत के डाकघर के निकट से शान्ति राम के घर तक पहुँच पथ नहीं रहने से महादलित समुदाय के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जबकि उक्त पथों का सर्वे विगत एक वर्ष पूर्व हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पहुँच पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नाला की उड़ाही

*321. डॉ० राजेश कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के सरोतर बाँध एन०एच०28 से केसरिया होते हुये सुन्दरापुर तक रखवा नाला का उड़ाही (सफाई) विगत 5 वर्षों से नहीं हुई है, जिसके कारण रखवा नाला में पानी का बहाव नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रखवा नाला से पानी का बहाव नहीं होने से उक्त क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य में पटवन नहीं होने से आर्थिक क्षति हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नाला की उड़ाही (सफाई) कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी कराना

*322. श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के लकड़ी नवीगंज प्रखंड के खासपुर पंचायत में दीघा चँवर एक हजार एकड़ का है, जिसमें से जल निकासी नहीं होने के कारण विगत 15 साल से इस चँवर में कृषि कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चँवर से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ की मरम्मती

*323. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत आलमनगर प्रखंड के खुरहाई हाई स्कूल चौक से बसनवाड़ा होते हुये खगड़िया जिला सीमा तक जानेवाली पथ क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ मधेपुरा जिला को बेलदौड़ होते हुये एन०एच० 107 से मंडल सेतु के निकट खगड़िया जिला से जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*324. श्री राज किशोर सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखंड के कन्हौली, धनराज पंचायत में राजेन्द्र शर्मा के घर से प्राथमिक विद्यालय, कन्हौली, धनराज जानेवाली सड़क में देवेन्द्र सिंह के घर के निकट घाघरा नहर पर वर्ष 1956 में निर्मित पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क में नहर पर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*325. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखंड के दल्लीपुर गाँव के पास कुकुरनहीयाँ नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

क्षतिग्रस्त पथों का जीर्णोद्धार

*326. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2017 में आयी बाढ़ से क्षतिग्रस्त पथों की मरम्मती नहीं हो पायी है, जिनके कारण आवागमन में कठिनाई होने के साथ-साथ धूल के रूप में वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

फ्लाई ओवर का निर्माण

*327. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर शहर के घंटा घर से भागलपुर स्टेशन होते हुये तेतारपुर तक जानेवाली सड़क एवं नाथनगर के जहाँगीर टॉकीज से चम्पा नाला तक की सड़क पर यातायात दबाव के कारण विगत 5 वर्षों से जाम की समस्या बन रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थान पर जाम से मुक्ति हेतु फ्लाई ओवर का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना का निर्माण

*328. श्री सदानन्द सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बटेश्वर स्थान गंगा पम्पिंग योजना का उद्घाटन दिनांक 15 फरवरी, 2018 को सरकार द्वारा किया गया किन्तु वितरणी एवं लघु वितरणी का निर्माण कार्य बंद है, जिससे किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर उसे कबतक पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*329. श्री लाल बाबू राम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुरौल प्रखंड में पंचायत दरधा, बदल के ग्राम-दरधा में तिरहुत नहर पर पुल नहीं होने से वहाँ के आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*330. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पुनपुन बस स्टैण्ड से अकबरपुर तक पुनपुन बाँध पर निर्मित सड़क जर्जर है, जिसपर वाहनों के परिचालन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध का निर्माण

*331. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के किसनपुर प्रखंडान्तर्गत ग्राम पंचायत परसामाधो में विगत वर्ष कोसी नदी से दर्जनों घर कटकर नदी में समा गया तथा बाढ़ से इस पंचायत में बसे लोगों को भारी तबाही का सामना करना पड़ा था, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत परसामाधो में बाढ़ सुरक्षा हेतु सुरक्षा तटबंध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*332. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड में ग्राम-एरकी कला के पास केसर नदी पर पुल नहीं है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*333. श्रीमती एज्या यादव--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मोहिउद्दीन नगर प्रखंड में बाया नदी के रहंपुर घाट पर पुल नहीं है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त घाट पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जीर्णोद्धार कराना

*334. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला में सकरी नदी से पौरा से बरबीघा तक पौरा नहर संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर द्वारा हजारों एकड़ जमीन की सिंचाई होती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त नहर मिट्टी से भर गई है एवं तटबंध हर वर्ष टूट जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल निर्माण कराना

*335. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत सोनपुर प्रखंड के शिकारपुर पंचायत के खरियाडीह, चकरघट्टी के पास मेहुरा नदी एवं दिघवारा प्रखंड के उन्नहचक बाजार के पास माही नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आम-जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वर्णित स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एजेंसी एवं संवेदक पर कार्रवाई

*336. श्रीमती कुंती देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण वित्तीय वर्ष 2012-13 में की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का कार्यकारी एजेंसी भवन प्रमंडल, गया था जिन्होंने उक्त भवन को वर्ष 2017 में प्रखंड विकास पदाधिकारी, नीमचक बथानी को हस्तांतरण कर दिया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि निर्माण के एक ही वर्ष बाद से भवन के छत से पानी का रिसाव होने लगा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच करवा कर संबंधित एजेंसी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*337. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड में अड़राहा पंचायत के गंजभाग में राजदेव टोला के पास गरैया नदी पर पुल नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में परवाहा से सिमरवनी तक पथ का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किया गया है, परन्तु बीच में गरैया नदी पर पुल नहीं रहने से इस पथ का लाभ आमलोगों को नहीं मिल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के बीच में गरैया नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*338. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल अन्तर्गत करहरिया पं० पी० एम० जी०एस० वाई० ब्रिज से बड़हरा गाँव सम्पर्क विहीन है, जिससे उक्त ग्राम की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सम्पर्क पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अवैध कब्जों से मुक्त कराना

*339. श्री रणविजय सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डेहरी ऑन-सोन स्थित डीहरी नगर प्रखंड मुख्यालय के सटे प्रांगण में स्थित मकान सं० 13 में अनधिकृत कब्जा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 21 नवम्बर, 2018 तथा 24 नवम्बर, 2018 को अवैध कब्जा से मुक्ति हेतु जिला प्रशासन से पत्राचार भी किया गया है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवास को अवैध कब्जा से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*340. श्री नरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बोगो सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय सदर प्रखंड के एन० एच० 31 से शाहपुर एवं एन० एच० 31 से ब्रह्मपुर जानेवाली सड़क जर्जर है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई

*341. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला एवं कैमूर जिलान्तर्गत निर्माणाधीन दुर्गावती जलाशय परियोजना का संपूर्ण निर्माण अभीतक नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जलाशय का बायाँ एवं दायाँ तटबंध एवं वितरणी का निर्माण करने वाला संवेदक द्वारा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराया गया है जिससे तटबंध हमेशा टूट जाता है तथा किसानों को पानी नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है दुर्गावती जलाशय योजना अंतर्गत स्पीलवे निर्माण कार्य, रीभर क्लोजर कार्य, बायां एवं दायां मुख्य नहर का निर्माण तथा 7 अदद् वितरणी/लघु नहर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 6 अदद् वितरणी/लघु नहर के एलाईनमेंट पर भू-धारियों के विरोध के कारण कार्य बाधित है। शेष 19 अदद् वितरणी/लघु नहर का निर्माण कार्य संवेदक की उदासीनता एवं भू-अर्जन की समस्या के कारण नहीं हो सका है ।

(2) आस्वीकारात्मक । वस्तुस्थिति यह है कि बरसात के दिनों में कैमूर के पहाड़ियों से अत्यधिक जलस्राव आने की स्थिति में नहर बाँध के टूटने की संभावना हमेशा बनी रहती है। खरीफ सिंचाई 2018 में बायाँ एवं दायां मुख्य नहर के माध्यम से 4000 हे० कमाण्ड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि मुख्य नहर एवं वितरण प्रणाली के निर्माण कार्य (एकरारनामा सं० 01SBD/2016-17) में कार्यरत संवेदक द्वारा संतोषप्रद प्रगति नहीं लाने के कारण एकरारनामा को विखण्डित कर उनके निबंधन को कालीकृत कर दिया गया है। अवशेष कार्य को एकरारनामा के प्रावधानों के अनुरूप मूल संवेदक के रिस्क एवं कॉस्ट पर अन्य संवेदक से कराने हेतु कार्रवाई की जा रही है ।

सड़क का निर्माण

*342. श्री चंद्रशेखर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मधेपुरा जिला मुख्यालय को सहरसा प्रमंडल मुख्यालय से जोड़नेवाली रोड नं० 5 जिसकी लम्बाई 35 कि० मी० है, उसमें रामनगर के पास 500 मी० एवं परमानंदपुर के पास 1500 मी० सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण यातायात बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधूरे पथांश का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*343. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के सरमेरा एवं बिन्द प्रखंड के ग्राम इब्राहिमपुर एवं छोटी परियारी के बीच नोनिया नदी में पुल नहीं रहने के कारण दो प्रखंडों के लोगों को आवगमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नदी में कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

साईफन की मरम्मती

*344. श्री नन्द कुमार राय--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के तिरहुत मुख्य नहर आर०डी० नं० 622, बोरिंग चौक से पुरब नहर पर निर्मित साईफन विगत तीन वर्षों से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण साईफन से हमेशा पानी का रिसाव होता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त साईफन क्षतिग्रस्त होने से मेहदीनगर बनकट, बखरी एवं धुमनगर गाँव के लगभग 300 एकड़ जमीन में हमेशा पानी लगा रहता है, जिसके कारण उक्त जमीन पर किसान कोई भी फसल नहीं लगा पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त साईफन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना :

दिनांक 13 फरवरी, 2019 (ई०) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० –144 (एल०ए०), 2018–19 –डी०टी०पी०–500